**Nai Dunia (Indore), 26th March 2023, Nai Dunia City, Page – 04**

# मणिपुर के लोक नृत्य और लोक संस्कृति से महकी इंदौर की धरा



आइआइटी इंदौर में प्रस्तुति देते मणिपुर के कलाकार। ● नईदुनिया

भारत के प्रत्येक राज्य की अपनी संस्कृति और परंपरा है। हर राज्य में लोकनृत्य और लोक संस्कृति महकती है जो पूरे देश को सुवासित करती है। मणिपुर की लोक संस्कृति की झलक शनिवार को इंदौर में दिखाई दी।

भारत सरकार के 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' कार्यक्रम के तहत मध्य प्रदेश और मणिपुर के बीच परस्पर संपर्क एवं संवाद को प्रोत्साहित करने के लिए आयोजित युवा संगम कार्यक्रम के तहत शनिवार को बाहर से आए 30 विद्यार्थियों ने भारतीय प्रबंध संस्थान (आइआइएम) इंदौर का भ्रमण किया। संस्थान के अधिकारी विद्यार्थियों को कक्षाओं, आडिटोरियम, लाइब्रेरी और गार्डन में ले गए। आइआइएम की रैंकिंग, कोर्स, प्लेसमेंट और सामाजिक कार्यों की जानकारी दी गई। इसी दिन महेश्वर और सिमरोल गांव भी विद्यार्थी पहुंचे और वहां के इतिहास को जानने के साथ ग्रामीणों से कई विषयों पर बात की। शाम को आइआइटी इंदौर परिसर में म्यूजिक और डांस क्लब द्वारा प्रस्तुतियां दी गई। इसमें एनआइटी मणिपुर के विद्यार्थियों ने भी अपने क्षेत्र के माओ और आदिवासी नृत्य की प्रस्तुति दी। साथ ही आइआइटी इंदौर के विद्यार्थियों ने मध्य प्रदेश की संस्कृति को दर्शाते नृत्यों की प्रस्तुति दी।